प्रेस नोट

दिनांक 10.10.2024

अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज– V के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा उपाय के संबंध में जागरूक किया गया।

आज दिनांक 10.10.2024 को पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज-V के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर व क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन्स के द्वारा कोतवाली नगर की मिशन शक्ति पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र अन्तर्गत राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज हमीरपुर में जाकर बालिकाओं/ महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच एवं बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराध से बचाव हेतु उपायों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

इसी क्रम में साइबर अपराध से बचाव के सम्बन्ध में जानकारी साझा की गई तथा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 के उपयोग के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं की सुरक्षा व समस्या का त्वरित निस्तारण का आश्वासन भी दिया गया।

महिलाओं / बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर **1090** व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया ।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने एवं जागरुक करने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश एवं निर्देशों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई ।महिला एवं बालिकाओं को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया गया व स्वयं नियमें का पालन करते हुए अपने घर व आसपास के लोगों का भी जागरुक करने के लिए कहा गया ।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों **1076** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, **1090** वीमेन पावर लाइन , **181** वीमेन हैल्पलाइन , **112** पुलिस आपातकालीन सेवा , **102** गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, **108** एम्बुलेंस सेवा, **1098** चाइल्ड लाइन, **101** अग्निशमन सेवा व **1930** साइबर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर सम्बन्धित अधि0/कर्म0 मौजूद रहे ।

2. मनचलों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम
3. छात्राओं/महिलाओं के सम्मान तथा
5. महिलाओं के प्रति बढ़ते

अपराजिता
100 MILLION SMILES

अपराजिता